>

Title: Need to revive Hindustan Cables Limited, Naini, Allahabad by merging it with BSNL.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : मान्यवर, 13वीं लोक सभा में एनडीए की सरकार थी। उन्होंने विनिवेश मंत्रालय बनाया था और पब्लिक सैक्टर की तमाम फैक्ट्रियों को उन्होंने बंद करने का काम किया। यह सरकार भी उसी नक्शे-कदम पर चल रही है। नैनी, इलाहाबाद में हिन्दुस्तान केबल फैक्ट्री है जो बंगाल और हैदराबाद में भी है। यह सरकार उन फैक्ट्रियों को चलाने के बजाय उन पर ध्यान नहीं दे रही है। कई महीने

** Not recorded*

हो गए, कर्मचारी भुखमरी के कगार पर हैं, न उनको सरकार तनख्वाह दे रही है, न कोई सुविधा दे रही है। कई बार लोक सभा में कहा गया, सोनिया गांधी जी से कहा गया, लालू यादव जी भी यहां बैठे हैं। वहां पर राजीव गांधी जी ने उसका शिलान्यास किया था। वह कंपनी ऑप्टिकल फाइबर बनाती है जिसकी डिमांड बीएसएनएल, एमटीएनएल और एयरटैल में भी है। इसका मर्जर बीएसएनएल में कर दिया जाए। इसमें मात्र ढाई सौ कर्मचारी हैं। मान्यवर, आपसे आग्रह है कि सरकार को निर्देश दें कि इस मामले को देखकर तुंत फैक्ट्री को चलवाएं और तनख्वाह बंटवाने का काम करें।